हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 29 मई 2026, समय 13:05 (05 मिनट)

==

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कल प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पंजाब, हरियाणा सहित 12 राज्यों को 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रतिबद्ध हैं कि देश में कोई भी गरीब व्यक्ति कच्चे मकान में न रहे-

=====================================

हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 11 मई से 11 जून राज्य व्यक्ति मुफ्त पशु टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। विभाग के महानिदेशक डॉ. प्रेम सिंह ने स्वयं विभिन्न जिलों में चल रहे टीकाकरण का जाकर निरीक्षण किया।

डॉ. प्रेम सिंह ने बताया कि विभाग की टीमें घर घर जाकर गायों और भैंसों को मुंहखुर और गलघोंटू जैसी जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए एक ही संयुक्त टीका लगा रही है जिससे कि पशुओं को संक्रामक वायरस और बैक्टीरियल संक्रमण से बचाया जा सके ताकि दुग्ध उत्पादन प्रभावित न हो और पशु की जान बचाई जा सके। अब तक विभाग द्वारा कुल 55 लाख पशुओं में से 18 लाख पशुओं को टीकाकरण किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पशुपालकों को यह सुविधा निशुल्क दी जा रही है। विभाग द्वारा टीकाकरण के लिए चलाई जा रही मोबाइल वैन के बारे में डॉ. प्रेम सिंह ने कहा-

===

कृषि एवं कल्याण विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन यजोना के तहत कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। पलवल में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. बाबू लाल ने बताया कि किसान, योजना का लाभ लेने के लिए 15 जून तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन के उपरांत 25 जून को उपायुक्त की अध्यक्षता में ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ड्रॉ निकाला जाएगा।

योजना के बारे में अधिक जानकारी लेने के लिए किसान कृषि अभियन्ता कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं। सरकार द्वारा अनुदान की राशि सीधे किसानों के खाते में डाली जाएगी।

==

मौसम विभाग ने आज दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के कुछ हिस्सों में आंधी, बादल गरजने और बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है।

विभाग ने कहा है कि पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में आज 70 से 90 किलोमीटर प्रति घन्टे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है जबकि 30 तारीख को इक्का-दुक्का जगहों पर 50 से 60 किलोमीर प्रति घन्टे की रफ्तार से तेज़ हवाएं चल सकती हैं। आज और कल कई जगहों पर, और 31 तारीख को इक्का-दुक्का जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना भी जताई गई है। हरियाणा और चंडीगढ़ में आज इक्का-दुक्का जगहों पर ओलावृष्टि होने का अनुमान भी जताया गया है।

==

पंचकूला के रामगढ़ स्थित TBRL रेंज ने 31 मई को होने वाले हई कैलिबर बस परीक्षण को लेकर एडवाइज़री जारी की है। प्राप्त पत्र के अनुसार यह परीक्षण 31 मई को सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक वायुसेना

के उच्च अधिकारियों की देख रेख में किया जाएगा। इस हाई कैलिबर बम के ट्रायल से उड़ने वाले कण आसमान में डेढ़ किलोमीटर की ऊंचाई और ज़मीन पर 2 किलोमीटर की रेडियस तक के गांव भानू और गांव बिल्ला, स्पिंलटर प्रभावित हो सकते हैं।

स्थानीय प्रशासन को इन गांवों में लोगों को इस समय अवधि के दौरान घर के अंदर रहने के दिशा निर्देश जारी करने की सलाह दी गई है।

===